# सीएसआईआर-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान
## (वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
## रूड़की - 247667
(वेबसाइट: www.cbri.res.in)

**विज्ञापन संख्या: CSIR-CBRI-03/2026**

## वॉक-इन-इंटरव्यू

## सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की में अंशकालिक चिकित्सक (एलोपैथिक प्रणाली) की नियुक्ति

सीएसआईआर-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), रुड़की, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली की एक घटक प्रयोगशाला है। यह भवन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है तथा भवन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास, संवर्धन एवं प्रसार का दायित्व निर्वहन करता है। सीएसआईआर-सीबीआरआई भवन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त एवं मौलिक अनुसंधान कार्य करता है तथा आश्रय नियोजन, भवन सामग्री, संरचना एवं नींव तथा आपदा न्यूनीकरण से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करता है। संस्थान द्वारा नवीन भवन सामग्रियों एवं निर्माण प्रौद्योगिकियों के विकास तथा विकसित प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण हेतु उद्योगों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां संचालित की जाती हैं।

सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की अपने कर्मचारियों, पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों, उनके आश्रितों तथा परियोजना कर्मियों को बाह्य रोगी (ओपीडी) चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मासिक समेकित मानदेय पर पूर्णतः अस्थायी आधार पर एक **अंशकालिक चिकित्सक (एलोपैथिक प्रणाली)** की नियुक्ति करना चाहता है। पद का विवरण निम्नानुसार है :-

| पद का नाम | आवश्यक योग्यता | वांछनीय योग्यता/अनुभव | कार्य का स्वरूप | अधिकतम आयु सीमा | पदों की संख्या | कार्यकाल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अंशकालिक चिकित्सक (एलोपैथिक प्रणाली) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम.बी.बी.एस. डिग्री | सरकारी अथवा निजी अस्पताल में 02 (दो) वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी | अभ्यर्थी को, चाहे वह किसी विशिष्ट चिकित्सा शाखा का विशेषज्ञ हो अथवा नहीं, सामान्य चिकित्सा अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उसे सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की के औषधालय में ओपीडी सेवाएं प्रदान करनी होंगी। इसमें सामान्य रोगों का उपचार, आवश्यकता पड़ने पर रोगियों को पैनलबद्ध अस्पतालों हेतु संदर्भित करना तथा दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित रोगियों की अनुवर्ती चिकित्सा शामिल होगी। आवश्यकतानुसार प्रिस्क्रिप्शन एवं रेफरल पत्र तैयार करने हेतु कंप्यूटर संचालन का सामान्य ज्ञान होना अपेक्षित है। | 64 वर्ष | 01 (एक) | 01 (एक) वर्ष |
| **कार्य अवधि:** अंशकालिक चिकित्सक संस्थान की आवश्यकता के अनुसार प्रतिदिन 03 घंटे (रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) तथा सप्ताह में 06 दिन औषधालय समय के दौरान कार्य करेंगे। | | | | | | |
| **मानदेय:** अंशकालिक चिकित्सक को प्रतिदिन 03 घंटे की सेवाएं प्रदान करने हेतु (रविवार एवं अवकाशों को छोड़कर) ₹46,020/- (छियालीस हजार बीस रुपये मात्र) प्रति माह का समेकित मानदेय देय होगा। | | | | | | |

**कार्य दायित्व एवं मानदेय :** अंशकालिक चिकित्सक को सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की में अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी के रूप में सामान्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान करनी होंगी तथा कर्मचारियों, पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों, उनके आश्रित पारिवारिक सदस्यों एवं परियोजना कर्मियों का उपचार करना होगा। गंभीर बीमारी की स्थिति में आवश्यकता अनुसार रोगियों को सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की के पैनलबद्ध अस्पतालों में नगद रहित अथवा प्रचलित व्यवस्था के अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु संदर्भित करना होगा।

## <u>सामान्य नियम एवं शर्तें</u>

1. आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के निर्धारण की निर्णायक तिथि वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि होगी।
2. वॉक-इन-इंटरव्यू में सम्मिलित होने अथवा चयनित होने पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अभ्यर्थियों को कोई यात्रा भत्ता (टीए) अथवा दैनिक भत्ता (डीए) देय नहीं होगा।
3. उक्त नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं संविदात्मक आधार पर एक (01) वर्ष की अवधि के लिए होगी। इस पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की के किसी भी पद पर नियमितीकरण अथवा समायोजन हेतु किसी प्रकार का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष दावा अथवा अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
4. **अवकाश :** अंशकालिक चिकित्सक किसी प्रकार के नियमित अवकाश के पात्र नहीं होंगे। तथापि, उन्हें आनुपातिक आधार पर एक कैलेंडर वर्ष में 08 (आठ) दिवस का अवकाश अनुमन्य होगा।
5. **आंकड़ों, सूचनाओं एवं अभिलेखों की गोपनीयता :** रोगियों से संबंधित समस्त सूचनाएं, आंकड़े एवं दस्तावेज गोपनीय रहेंगे। कार्यालय की पूर्व लिखित स्वीकृति के बिना इस नियुक्ति अथवा कार्य अवधि के दौरान प्राप्त किसी भी सूचना, आंकड़े, अभिलेख अथवा कार्यवाही का उपयोग, प्रकाशन अथवा किसी तृतीय पक्ष को प्रकटीकरण नहीं किया जाएगा। अंशकालिक चिकित्सक संविदा अवधि समाप्त होने से पूर्व समस्त अभिलेख कार्यालय को सौंपने के लिए बाध्य होंगे।
6. **हितों का टकराव (Conflict of Interest) :** कार्यालय द्वारा नियुक्त अंशकालिक चिकित्सक कार्यालय के हितों के प्रतिकूल किसी भी मामले में किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा तथा न ही कोई राय अथवा परामर्श देगा।
7. किसी भी प्रकार की सिफारिश, प्रचार-प्रसार अथवा राजनीतिक अथवा अन्य प्रभाव का प्रयोग उक्त पद हेतु अयोग्यता माना जाएगा।
8. **सेवा समाप्ति :** कार्यालय द्वारा 30 दिवस का नोटिस देकर बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। यदि अंशकालिक चिकित्सक संविदा अथवा कार्य छोड़ना चाहता है, तो उसे 30 दिवस पूर्व नोटिस देना होगा। नोटिस अवधि को नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकाधिकार से कम अथवा अधिक किया जा सकता है।
9. आयकर अथवा अन्य कर देयताएं प्रचलित नियमों के अनुसार देय होंगी तथा मानदेय का भुगतान किए जाने से पूर्व स्रोत पर कर कटौती (TDS) की जाएगी। कार्यालय द्वारा टीडीएस प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।
10. पात्र अभ्यर्थियों को वॉक-इन-इंटरव्यू के समय जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता (एम.बी.बी.एस. डिग्री एवं अन्य योग्यताएं), अनुभव प्रमाण-पत्र तथा पी.पी.ओ. (यदि सेवानिवृत्त कर्मचारी हों) आदि से संबंधित सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
11. अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति इस संबंध में सीएसआईआर द्वारा समय-समय पर जारी नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। सभी प्रशासनिक प्रयोजनों हेतु अंशकालिक चिकित्सा अधिकारी की सेवाएं निदेशक, सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन रहेंगी।
12. पात्रता, आवेदन की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति तथा चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में निदेशक, सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की का निर्णय अंतिम एवं अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।
13. उक्त पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी चिकित्सकीय दृष्टि से पूर्णतः स्वस्थ होने चाहिए।

### <u>अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति हेतु प्रक्रिया</u>

1. निर्धारित आवेदन प्रारूप (अनुलग्नक-A) में आवेदन-पत्र भरने से पूर्व अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें।

2. अभ्यर्थियों को 30 जून, 2026 को प्रातः 09:30 बजे सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की के प्रथम तल स्थित सम्मेलन कक्ष में चयन प्रक्रिया हेतु उपस्थित होना होगा। चयन प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

3. अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर विधिवत भरे हुए आवेदन-पत्र, आवश्यक प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों तथा मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होना होगा। निर्धारित समय के पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

4. चयन प्रक्रिया 30 जून, 2026 को प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगी। यदि उसी दिन सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन संभव नहीं हो पाता है, तो चयन प्रक्रिया अगले दिन भी जारी रखी जा सकती है।

5. अंशकालिक चिकित्सक का चयन साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

6. अभ्यर्थियों को अपने ठहरने एवं यात्रा की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस संबंध में सीएसआईआर द्वारा किसी प्रकार की सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।

7. प्रशासनिक कारणों से चयन प्रक्रिया के स्थान, तिथि अथवा समय में परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में इसकी सूचना सीएसआईआर-सीबीआरआई की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन जानकारी हेतु संस्थान की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

8. अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के समय अपने सभी प्रशंसापत्रों, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्रों एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। मूल दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

9. उपर्युक्तानुसार की जाने वाली अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति अनंतिम (Provisional) होगी।

10. पात्रता, आवेदन की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति, चयन की प्रक्रिया, अंशकालिक चिकित्सक के किसी अथवा सभी पदों को न भरने सहित सभी मामलों में निदेशक, सीएसआईआर-सीबीआरआई, रुड़की का निर्णय अंतिम एवं अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा उसकी एजेंसी द्वारा की गई अंतरिम पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. अंतिम परिणाम सीएसआईआर-सीबीआरआई की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा तथा चयनित अभ्यर्थी को उसके पंजीकृत ई-मेल पते के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

12. किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु दूरभाष संख्या 01332-283320 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा recruitments.cbri@csir.res.in पर ई-मेल भेजा जा सकता है।

13. इस विज्ञापन से संबंधित किसी भी अद्यतन सूचना हेतु कृपया संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.cbri.res.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

***किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।***

**विज्ञापन के अंग्रेजी एवं हिन्दी संस्करणों के मध्य किसी भी प्रकार की विसंगति, विरोधाभास अथवा अर्थगत भिन्नता होने की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को ही प्रामाणिक माना जाएगा तथा वही प्रभावी रहेगा।**

**वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक**

**सीएसआईआर-केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान**

**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**

**रूड़की - 247667**

(वेबसाइट: www.cbri.res.in)

**विज्ञापन संख्या: CSIR-CBRI-03/2026**

**<u>अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र</u>**

| | |
|---|---|
| 1. अभ्यर्थी का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. पिता/ माता का नाम | |
| 3. जन्म तिथि | |
| 4. दिनांक ________ को आयु | |
| 5. लिंग | पुरुष ☐ महिला ☐ अन्य ☐ |
| 6. पत्राचार का पता (पिन कोड सहित) | |
| 7. स्थायी पता | |
| 8. राष्ट्रीयता | |
| 9. धर्म | |
| 10. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनारक्षित श्रेणी से संबंधित हैं? | |
| 11. सरकारी सेवा से सेवानिवृत्ति की तिथि एवं पी.पी.ओ. संख्या (यदि लागू हो) | |
| 12. दूरभाष/मोबाइल नंबर | |
| 13. ई-मेल आई.डी. | |
| 14. आधार संख्या | |

15. शैक्षणिक योग्यताएं (10वीं कक्षा से प्रारंभ करते हुए कालानुक्रमिक क्रम में)

| **उत्तीर्ण परीक्षा** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान** | **विषय** | **प्राप्तांक (%)** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

16. अनुभव (यदि कोई हो) *(आवश्यकता होने पर पृथक् पत्रक संलग्न करें)*

| क्र.सं. | धारित पद का नाम एवं वेतनमान | नियोक्ता/संस्थान का नाम एवं पता | से | तक | कार्य का स्वरूप एवं दायित्वों का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | |
|---|---|
| 17. उक्त नियुक्ति हेतु अपनी उपयुक्तता के समर्थन में कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी (यदि कोई हो) *(आवश्यकता होने पर पृथक् पत्रक संलग्न करें)* | |
| 18. क्या आपका कोई संबंधी सीएसआईआर-सीबीआरआई में कार्यरत है? यदि हाँ, तो उसका नाम, पदस्थापन कार्यालय तथा आपके साथ उसका संबंध स्पष्ट करें। | |
| 19. मेडिकल काउंसिल पंजीकरण का विवरण | पंजीकरण संख्या :<br>पंजीकरण वर्ष :<br>राज्य चिकित्सा परिषद : |
| 20. कोई अन्य विवरण | |

| क्र.सं. | संलग्नक | स्थिति (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|
| 1. | आयु प्रमाण हेतु माध्यमिक/ 10वीं कक्षा प्रमाण-पत्र | |
| 2. | इंटरमीडिएट/ 10+2 प्रमाण-पत्र | |
| 3. | स्नातक उपाधि प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) | |
| 4. | स्नातकोत्तर उपाधि प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) | |
| 5. | अन्य शैक्षणिक/ व्यावसायिक योग्यता प्रमाण-पत्र (यदि कोई हो) | |
| 6. | अनुभव प्रमाण-पत्र (यदि कोई हो) | |
| 7. | अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC), जहाँ लागू हो | |
| 8. | पी.पी.ओ. (सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त अभ्यर्थियों के लिए) | |

**घोषणा / अभ्यर्थना-पत्र**

मैं, ________________________, एतद्द्वारा घोषणा करता/ करती हूँ कि इस आवेदन-पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी एवं विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य, सही एवं पूर्ण हैं तथा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है।

मैं यह भी घोषित करता/करती हूँ कि (सरकारी कर्मचारी होने की स्थिति में) सेवानिवृत्ति के समय मेरे विरुद्ध सतर्कता (Vigilance) संबंधी कोई मामला लंबित नहीं था तथा मैं कार्यालयीय कार्यों के निर्वहन हेतु चिकित्सकीय दृष्टि से पूर्णतः स्वस्थ हूँ।

यदि किसी भी समय मेरे द्वारा प्रस्तुत कोई जानकारी अथवा विवरण असत्य, गलत अथवा भ्रामक पाया जाता है, तो मेरे विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई की जा सकती है तथा मैं सक्षम प्राधिकारी के निर्णय का पालन करने के लिए बाध्य रहूँगा/रहूँगी। ऐसी स्थिति में मेरी नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना अथवा क्षतिपूर्ति के तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी।

**स्थान :** ________________________ **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**दिनांक :** ________________________